सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट दिनांक 25.11.2024

चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 1050 रुपये (चोरी के) किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 13.11.2024 को वादी अखिलेश यादव पुत्र सहदेव सिंह निवासी ग्राम खेरा थाना अछल्दा जनपद औरैया द्वारा थाना भरथना पर सूचना दी गयी कि दिनांक 23.10.2024 को मेरे पिता घर से भरथना की तरफ मोटरसाइकिल द्वारा जा रहे थे, तभी रास्ते में 01 अज्ञात व्यक्ति लिफ्ट मांगकर उनकी मोटरसाइकिल पर बैठ गया, तथा रास्ते में उनकी जेब से 40,000/- रुपये चोरी कर सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी भरथना ऊसराहार रोड पर उतर गया।

सूचना पर थाना भरथना पर मु0अ0सं0 299/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे दिनांक 25.11.2024 को थाना भरथना पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर 01 व्यक्ति को **उमरसेड़ा नहर से ऊसराहार की तरफ पुल के पास से समय 12.55 बजे गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछ

पकडे गये व्यक्ति से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो अभियुक्त के कब्जे से 1050 रु0 नकद बरामद किये गये। पुलिस टीम द्वारा बरामद रुपयों के संबंध में पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि दिनांक 23.10.2024 को मैने अपने साथियों के साथ मिलकर भरथना के पास मोटरसाइकिल से आते हुये 01 व्यक्ति से लिफ्ट मांग उसकी जेब काटकर 40,000/- रुपये चुरा लिये थे।

उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध मे थाना भरथना पर मु0अ0सं0 299/24 धारा 303(2) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. **भोला उर्फ भोलू पुत्र रामनिवास निवासी विष्णुपुरा थाना बाह जनपद आगरा उम्र 25 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 299/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना भरथना जनपद इटावा।

बरामदगी-

1. **1050 रुपये नकद (चोरी किये गये)**

पुलिस टीमः- निरी0 श्री देवेन्द्र सिंह प्रभारी थाना भरथना, उ0नि0 ब्रजनंन्दन सिंह, हे0का0 गजेन्द्र सिंह ।